स्वास्थ्य जाँच शिविर का अग्रवाल महाविद्यालय में आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ प्रांगण में आज दिनांक 20-11-2021 को यूथ रेड क्रॉस के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी की प्रेरणा व निर्देशानुसार समय -समय पर ऐसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। प्राचार्य जी के दिशा निर्देशन व सह-प्राचार्या श्रीमती कमल टंडन की अध्यक्षता में महाविद्यालय के शिक्षक व गैर-शिक्षक को स्वस्थ रखने के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया । ताकि ये सभी महाविद्यालय के हित में अपनी पूर्ण शक्ति से कार्य कर सकें व देश के विकास में अपना योगदान दे सके । डॉ. के विद्या नायर, सीनियर परामर्शदाता, (Respiratory Medicine), और उनके साथ ही डॉ. रवीन्द्र (Cardiology)), क्यू आर. जी. सुपर स्पैशलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद ने मधुमेह और रक्त चाप के कारण और उपचार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बदलते दौर में मधुमेह एक बड़ी समस्या बन चुकी है। लेकिन योगासनों के जरिए तथा अपनी जीवनशैली को बदलकर इस बीमारी पर काबू किया जा सकता है। क्योंकि अधिकतर लोगों को पता नहीं होता कि उन्हें उच्च रक्तचाप की शिकायत है। इसलिए हमें समय- समय पर अपना रक्तचाप और शुगर लेवल लॉंच कराते रहना चाहिए ताकि हम बीमारी से बच सकें । जाँच शिविर में 76 शिक्षक, गैर- शिक्षक और छात्रों ने स्वास्थ्य जाँच कराई।

इस अवसर पर श्री दुर्गेश सिंह (सहायक प्रवशंक, क्यू. आर.जी हेल्थ सिटी फरीदाबाद) भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम यूथ रेड क्रॉस के आयोजक डॉ. जयपाल सिंह और श्री सुभाष केलोरिया द्वारा सम्पन्न किया गया।